<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

## <u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

### <u>विश्वविद्यालय में मक्का शोध पर कार्यशाला</u>

पंतनगर। 10 अप्रैल 2023। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली की अखिल भारतीय समन्वित मक्का पर शोध परियोजना की 66वीं वार्षिक कार्यशाला 12–14 अप्रैल 2023 को आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के आयोजन सचिव व पंतनगर विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय समन्वित मक्का शोध परियोजना के समन्वयक डा. आर.पी. सिंह ने बताया कि कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डा. टी.आर. शर्मा द्वारा की जायेगी, कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान उपस्थित होंगे।

कार्यशाला में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक, विभिन्न संस्थानों के निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय मक्का एवं गेहूं सुधार केन्द्र (सिमिट) के वैज्ञानिक, प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के प्रतिनिधि, विभिन्न कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, प्रगतिशील कृषक सहित पूरे देश से 350 वैज्ञानिक कार्यशाला में प्रतिभाग करेंगे।